**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 2464**
**उत्तर देने की तारीखः 03.12.2019**

**नशा सेवन से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति**

**2464. डॉ. अमर सिंहः**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार युवाओं द्वारा किए जाने वाले नशे के सेवन से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय नीति पर कार्य कर रही है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री रतन लाल कटारिया)**

**(क) और (ख)** मंत्रालय ने वर्ष 2018-2025 के लिए नशीली दवा की मांग में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीडीडीआर) तैयार की है और उसका कार्यान्वयन कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य बहु-आयामी नीति के माध्यम से नशीली दवा दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों में कमी लाना है। एनएपीडीडीआर के तहत, अन्य बातों के साथ-साथ, स्कूल/कॉलेज/यूनिवर्सिटी में जागरूकता सृजन कार्यक्रम, माता-पिता के साथ कार्यशालाएं/सेमिनार, समुदाय में अतिसंवेदनशील किशोरों और युवाओं के लिए संगति-परक समुदाय हस्तक्षेप कार्यक्रम, उपचार सुविधाओं की व्यवस्था और सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण शामिल हैं।

मंत्रालय "मद्यपान और नशीले पदार्थ (दवा) दुरूपयोग निवारण हेतु सहायता संबंधी केंद्रीय क्षेत्र योजना" भी कार्यान्वित करता है जिसके तहत पात्र गैर सरकारी संगठनों को राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की सिफारिशों के आधार पर व्यसनियों के लिए एकीकृत पुर्नवास केन्द्रों को चलाने के लिए और किशोरों सहित व्यसनियों के पुर्नवास हेतु संयुक्त/एकीकृत सेवाएं प्रदान करने के वास्ते वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****